भारत सरकार

भारत मौसम विज्ञान विभाग

मौसम विज्ञान के उपमहानिदेशक का कार्यालय

प्रादेशिक मौसम केंद्र,नागपुर

डॉ. बाबासाहेब आबेंडकर आंतरराष्ट्रीय विमानतल नागपुर-440005

टेलीफोन-0712-2282398, मो. 9834629419

ई-मेल-isunit.213@gmail.com

मिसिल क्र. टीओ-174 (P TO-भंडारा) दि.-06 जनवरी 2023

विषय:- कलेक्टर परीसर (भंडारा) में मौसम वेधशाला की स्थापना करने हेतु सिविल कार्य के लिये निविदाऐं भेजने बाबत ।

कलेक्टर परीसर (भंडारा) में मौसम वेधशाला की स्थापना करने हेतु सिविल कार्य के लिये नियम एवं शर्तो के तहत मुहरबंद निविदाऐं आमंत्रित की जा रही है ।

आपकी निविदाऐं मुहरबंद लिफाफे में, ‘ उपमहानिदेशक कार्यालय प्रादेशिक मौसम केंद्र, डॉ. बाबासाहेब आबेंडकर आंतरराष्ट्रीय विमानतल नागपुर-440005 ’ पते पर इस कार्यालय को दि. 31/01/2023 तक या उससे पहले पहुच जाना चाहिये, इसके बाद प्राप्त हुई निविदाऐं निरस्त मानी जाएगी ।

मुहरबंद निविदाओं के लिफाफों पर “ भंडारा में मौसम वेधशाला की स्थापना “ ये लिखा होना अनिवार्य होगा । यह कार्यालय सुबह 09.30 से शाम 06.00 तक चालु रहता है ।

निम्नलिखित कार्य मौसम वेधशाला भंडारा में किया जाना है ।

1) प्लॉट एरीया की लंबाई 10 मीटर तथा चौडाई 10 मीटर है, जिसके चारों बाजु में दो फीट ऊंची ईटों की दिवाल पर ऐंगल फ्रेम के साथ चैन लिंक जाली का 5 फीट ऊंचाई का फेंसीग रहेगा ।
   - अ) चैन लिंक जाली 2 बाय 2 इंच की रहेगी (SWG No.10)।
   - ब) लोहे के ऐंगल का साईज 35 बाय 5 एम. एम. का रहेगा ।
2) चित्र में दर्शाए नुसार प्लॉट के अंदर एक पिलर रहेगा, जिसकी उंचाई जमीन तल से 10 फीट तथा पिलर का फाऊंडेशन 3 फीट जमीन के नीचे रहेगा ।
   - अ) पिलर के ऊपर 4 फीट लंबाई तथा 2 फीट चौडाई का प्लॅट्फॉर्म रहेगा ।
   - ब) पिलर/ प्लॅट्फॉर्म आरसीसी का रहेगा ।
3) प्लॅट्फॉर्म पर चढ़ने हेतु एक लोहे के ऐंगल की सिढी रहेगी, सिढी पर रेलिंग लगी होगी, रेलिंग दोनो तरफ लगी होगी ।
4) चित्र में दर्शाए नुसार चैन लिंक जाली फेंसीग के मध्य में 5 फ़ीट उचाई का एक तीन बाई पांच का गेट रहेगा।
5) प्लाट के अंदर दो फ़ीट बाई दो फ़ीट का एक चबूतरा रहेगा जिस पर साधारण वर्षा मापी लगानी होगी।चबूतरे का निर्माण आरसीसी का होगा।
6) प्लाट के अंदर का रास्ता मेन गेट से तीन फ़ीट चौड़ाई में, लगे हुए उपकरणों तक रहेगा , रास्ता सीमेंट पेवर ब्लॉक का बनाना होगा।
7) प्लाट की भूमि मुरूम डाल कर समतल करानी होगी।
8) वेधशाला की फेंसिंग / दीवाल / गेट / उपकरण आदि दिए गए मानक रंगो में पेंट कराने होंगे।
9) साइट पर उपस्थित सक्षम अधिकारी द्वारा दिए गए दिशा निर्देशों का पालन करना होगा।

Praveen K 06/01/2023

(डॉ.प्रवीण कुमार)

वैज्ञानिक-सी

कृते कार्यालय प्रमुख

प्रादेशिक मौसम केंद्र,नागपुर


## नियम एवं शर्ते


1. फर्म / कंपनी को वेधशाला स्थापित करने का दो से तीन वर्षो का अनुभव होना चाहिए।
2. निविदाएं में दर्शाये गए दर ( Rate ) कम से कम 180 दिनों के लिए वैध रहेंगे।
3. कार्यालय द्वारा कोई कार्टिंग शुल्क का भुगतान नहीं किया जायेगा।
4. कार्य आदेश जारी होने के 30 दिनों के भीतर कार्य पूर्ण कराना होगा।
5. डी डी जी एम, आर एम सी नागपुर , किसी भी या सभी निविदाएं को बिना कोई कारण बताएं स्वीकार या अस्वीकार करने का अधिकार सुरक्षित रखता हैं।
6. किसी भी विवाद के मामले में डी डी जी एम, आर एम सी नागपुर का निर्णय अंतिम और सभी के लिए बाध्यकारी होगा , मध्यस्थता का अधिकार नागपुर क्षेत्र में रहेगा।
7. डी डी जी एम, आर एम सी नागपुर ही मध्यस्थ को नियुक्त करेगा।
8. प्रमाणित कार्य , सम्बंधित अधिकारियों द्वारा कार्य पूर्ण होने की पुष्टि होने के बाद ही भुगतान जारी किया जाएगा।
9. किसी भी स्थिति में मूल्य भिन्नता स्वीकार नहीं की जायेगी।

Praveen 06/01/2023

(डॉ.प्रवीण कुमार)
वैज्ञानिक-सी
कृते कार्यालय प्रमुख
प्रादेशिक मौसम केंद्र,नागपुर

# वेधशाला के नक्शा का नमूना चित्र
# Sample picture of Observatory



**Above pictures are only for illustration purpose.**